श्याम नाम जो नित जप ले

श्याम नाम जो नित जप ले, सारे दुखों को हर के,
ओ मेरे बाबा उन्हें तर दे.........

उम्मीद लिए आते, मायूस नहीं जाते,
जुड़े तुमसे जो नाते, उन्हें मन चाहा वर दे,
श्याम नाम जो नित जप ले, सारे दुखों को हर के,
ओ मेरे बाबा उन्हें तर दे...

श्याम, श्याम, श्याम, जय श्री श्याम,
श्याम, श्याम, मेरे बाबा श्याम.......

हाथों में निशान लेकर, बड़ी दूर से आए हैं,
बड़ी धूप है संकट की, तुमसे मिले साए हैं,
खाटू वाले बाबा की, महिमा ये जहां जाने,
दुखी निर्धन के खाली, भंडार को वो भर दे,
श्याम नाम जो नित जप ले, सारे दुखों को हर के,
ओ मेरे बाबा उन्हें तर दे......

जो तेरे मार्ग चलें, उसके भव बाँधा टले,
ना चिंता फिकर उनको, जो तेरी शरण में पले,
सागर का किनारा तू, हारे का सहारा तू,
सुभाष कहे मन की, हम पर भी करम कर दे,
श्याम नाम जो नित जप ले, सारे दुखों को हर के,
ओ मेरे बाबा उन्हें तर दे......

उम्मीद लिए आते, मायूस नहीं चाहते,
जुड़े तुमसे जो नाते, उन्हें मन चाहा वर दे,
श्याम नाम जो नित जप ले, सारे दुखों को हर के,
ओ मेरे बाबा उन्हें तर दे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27531/title/shyam-naam-jo-nit-jap-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |